फर्द अहकाम

न्यायालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट जयपुर

भगवान सहाय बनाम ए सी ई एम (फास्ट ट्रैक) जमवारामगढ व अन्य

केस संख्या 132/2021 (मुन्तकिल प्रार्थना पत्र)

दिनांक आज्ञा या कार्यवाही	आज्ञा का विस्तृत रूप	विशेष विवरण
16.11.2021	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी अधिवक्ता उपस्थित है। प्रार्थी अधिवक्ता ने अवगत कराया है कि सहायक कलक्टर एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट (फास्ट ट्रैक) जमवारामगढ के पीठासीन अधिकारी पद पर सुश्री प्रतिभा वर्मा पदस्थापन हो गया है। प्रार्थी अधिवक्ता को गौर से सुना गया। पत्रावली का भलीभांति अवलोकन किया गया । प्रार्थी ने सहायक कलक्टर एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट (फास्ट ट्रैक) जमवारामगढ के समक्ष विचाराधीन प्रकरण संख्या ..../2019 ब–उनवानी भगवान सहाय बनाम भौंरी देवी व अन्य में लिंक पीठासीन अधिकारी श्री विश्वामित्र मीणा से न्याय मिलने में शंका जाहिर कर उक्त प्रकरण को अन्यत्र सक्षम न्यायालय में स्थानान्तरण किये जाने का अनुरोध किया है। सहायक कलक्टर एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट (फास्ट ट्रैक) जमवारामगढ के पीठासीन अधिकारी पद पर सुश्री प्रतीभा वर्मा का पदस्थापन हो गया है। इसलिए लिंक पीठासीन अधिकारी श्री विश्वामित्र मीणा के विरूद्ध प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत यह मुन्तकिल प्रार्थना पत्र स्वतः ही प्रभाव शुन्य (Infructuous) हो गया है। फलस्वरूप प्रार्थी का मुन्तकिल प्रार्थना पत्र खारिज किया जाता है। पत्रावली नम्बर से कम हो। 16/11/21 (अन्तर सिंह नेहरा) जिला कलक्टर जयपुर	

जिला कलक्टर जयपुर जिला, जयपुर